भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
16.03.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2530 का उत्तर

मिज़ोरम में रेल लाइन का निर्माण

2530. श्री सी. लालरोसांगा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के तहत दक्षिण मिज़ोरम में सैरंग से ह्नौंम्गबुछुआह तक रेलवे लाइन के प्रस्तावित निर्माण के लिए एक टोही/प्रारंभिक सर्वेक्षण किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रारंभिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट को आगे बढ़ाने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन के पूरा हो जाने के बाद रेलवे लाइन को सैरांग से ह्नौंम्गबुछुआह तक विस्तारित करने की योजना बना रही है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): साईरंग से ह्बीछुआह (हमवंगबुछुआह) (223 किमी) तक नई बड़ी रेल लाइन के लिए टोही इंजीनियरी-सह-यातायात सर्वेक्षण किया गया है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, परियोजना की लागत 15,007 करोड़ रु. आंकी गई है जिसमें प्रतिफल की दर (आरओआर) (-) 10.45% है। वित्तीय रूप से लाभप्रद न होने के कारण परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

****